Rajasthan Police

@dcpeastjodhpur

कार्यालय पुलिस उपायुक्त,
जोधपुर पूर्व

Dcp Jodhpur East

।। प्रेस नोट ।।

दिनांक :— 03.03.2023

- **आगामी त्यौहारों/पर्वों के मध्यनजर सी.एल.जी. तथा शांति समिति के सदस्यों के साथ मिटिंग**
- **शहर में संवेदनशील क्षेत्रों में बनाये गये 10 फिक्स पिकेट**
- **प्रमुख चौराहों पर मचान में तैनात किये हथियारबद्व जवान**
- **आसामाजिक तत्वों पर सतत् निगरानी रखने हेतु तैनात किये गये सादा वस्त्रों में पुलिसकर्मी**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देश पर आगामी दिनों में मनाये जाने वाले होलिका दहन व धुलण्डी त्यौहार/शब–ए–बरात पर्व के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने को मध्यनजर रखते हुए सी.एल.जी./शांति समिति के साथ जनसंवाद बैठक आयोजित की गई। जिसमें सदस्यों के साथ आगामी दिनों में मनाये जाने वाले त्यौहार/पर्वो पर शांति, कानून–व्यवस्था तथा धार्मिक सौहार्द बनाये रखने हेतु मंथन किया गया तथा सदस्यों द्वारा दिये गये सुझावों को अमल में लाया गया। इस बाबत् में शहर में निम्न व्यवस्थाएं की गई है —

शहर में संवेदनशील एरिया में निम्न 10 फिक्स पिकेट बनाये गये, जो आगामी 2 माह तक कार्यशील रहेंगे। जिनमें 3 पारियों में जाब्ता तैनात रहेगा। जिनके द्वारा आसामजिक तत्वों तथा कानून–व्यवस्था भंग करने वाले लोगों तक निगरानी रखकर उनके विरूद्व अविलम्ब विधिक कार्यवाही की जावेगी।

क्र. सं.	पुलिस थाना	स्थान
1	उदयमंदिर	नैनीबाई का मंदिर, मिठड़ी ठाकूर साहब की हवेली
2	सदरबाजार	कबूतरो का चौक
3	सदरबाजार	मोती चौक
4	सदर कोतवाली	गोलनाडी
5	सदर कोतवाली	आचार्यो का मौहल्ला
6	सदर कोतवाली	उम्मेद चौक
7	नागौरी गेट	कागा कागडी तिराहा
8	नागौरी गेट	मियो की मस्जिद व महाबतो की मस्जिद
9	खाण्डाफलसा	कुम्हारिया कुआं/एकमिनार मस्जिद
10	खाण्डाफलसा	बालवाडी चौराहा

इसके अलावा सम्पूर्ण शहर के थानों क्षेत्रों में प्रमुख चौराहो, धार्मिक स्थलों के आसपास पर्याप्त मात्रा में जाब्ता तैनात किया गया। साथ ही शहर में स्थित मचानों पर हथियारबद्व जाब्ता तैनात रहेगा। अभय कमाण्ड कन्ट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों द्वारा निरन्तर मोनिटरिंग की जावेगी।

इन त्यौहार/पर्व पर शराब की दुकानों को नियत समय पर बंद करवायी जाकर अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरूद्व कठोर कानूनी कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। सोशल मिडिया तथा अन्य माध्यमों से धार्मिक भावनाओं को भड़काने वालो के विरूद्व कठोर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

आमजन से अपील की जाती है कि संदिग्ध व्यक्तियों/वाहन/गतिविधि की सूचना शीघ्र अपने बीट कानि0/थानाधिकारी अथवा पुलिस नियत्रंण कक्ष पर तुरन्त देवे जिससे उनके विरूद्व तुरन्त विधिक कार्यवाही की जा सके। साथ ही कोई बदमाश, बाद बदमाशी भागता हुआ पाया जाता है तो उसकी/उसके वाहन की फोटो/विडीयोंग्राफी जरूर करने एवं पुलिस को शीघ्र प्रेषित करे।

आपके सहयोग की अपेक्षा में — जोधपुर पूर्व पुलिस

Shot on OnePlus

Shot on OnePlus
Powered by Triple Camera